जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

परीक्षा समिति की कार्यवाही

मा० कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 18.08.2018 को पुर्वाह्न 10:00 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में आहूत परीक्षा समिति की बैठक की कार्यवाही :

बैठक में निम्नवत अधिकारीगण उपस्थित हुए।

1. प्रो० योगेन्द्र सिंह, कुलपति	अध्यक्ष
2. डॉ० अशोक कुमार उपाध्याय	सदस्य
3. डॉ० (श्रीमती) रीना सक्सेना	सदस्य
4. डॉ० आर.पी. राघव	सदस्य
5. डॉ० वीरेन्द्र कुमार सिंह	सदस्य
6. डॉ० दयालानन्द राय	सदस्य
7. डॉ० आर.पी. कुशवाहा	सदस्य
8. डॉ० राम शरण पाण्डेय	विशेष आमंत्रित
9. श्री संजय कुमार, कुलसचिव	सदस्य सचिव

माननीय कुलपति जी द्वारा परीक्षा समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की कुलसचिव को निर्देशित किया गया। तत्क्रम में कुलसचिव द्वारा परीक्षा समिति के सम्मुख विचारार्थ कार्यसूची प्रस्तुत की गयी, जिस पर परीक्षा समिति ने मदवार निम्नाकित निर्णय लिये।

मद सं० 1– परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 03.08.2018 की कार्यवाही के सम्पुष्टीकरण पर विचार परीक्षा समिति की तदसम्बन्धी कार्यवाही संलग्न है।

परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक 03.08.2018 की कार्यवाही को यथावत संपुष्ट किया गया।

मद सं० 2– सामुहिक नकल में आरोपित महाविद्यालयों को निर्गत कारण बताओ नोटिस के सापेक्ष प्राप्त लिखित पक्ष/कथन के परीक्षण हेतु परीक्षा समिति से गठित उप समिति द्वारा महाविद्यालयवार की गई सुनवाई के उपरान्त प्रस्तुत आख्या/संस्तुति पर विचार।

कुलसचिव द्वारा सूचित किया गया कि समिति की रिपोर्ट अभी तक अप्राप्त है। अतएव रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त आगामी परीक्षा समिति में प्रस्तुत किया जायेगा।

मद सं० 3– सत्र 2017–18 की वार्षिक परीक्षाओं में अपूर्ण परीक्षाफल के सम्बन्ध में विचार।

परीक्षा समिति ने सत्र 2017–18 की वार्षिक परीक्षाओं में अपूर्ण परीक्षाफल के सम्बन्ध में समस्त तथ्यों से अवगत होते हुए निम्नांकित निर्णय लिया–

1. जिन छात्रों की उत्तर पुस्तिकाएं एवं अंक अनुक्रमांक आदि की सूचना गलत लिखने/सही गोला काला न करने के कारण उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, परन्तु उनकी

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

उपस्थिति उपस्थिति पत्रक में अंकित है, ऐसे छात्रों को अधिकतम 02 प्रश्नपत्रों की सीमा तक औसत अंक प्रदान करते हुए परीक्षाफल घोषित कर दिया जाये।

2. छूटे हुए अभ्यर्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं एक सप्ताह का समय प्रदान करते हुए निर्धारित शुल्क रू0 1000/- प्रति प्रायोगिक परीक्षा के अनुसार जमा कराने के उपरान्त परीक्षा कराते हुए परीक्षाफल घोषित कर दिया जाये।

3. जिन अभ्यर्थियों को अनुपस्थित दर्शाया गया है उनकी उपस्थिति परीक्षा केन्द्र से सत्यापित कराते हुए औसत अंक अधिकतम दो प्रश्नपत्रों में प्रदान करते हुए परीक्षाफल घोषित कर दिया जाये।

मद सं0 4– वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा कार्यक्रम, परीक्षा संचालन एवं परीक्षाफल घोषित किये जाने सम्बन्धी दिन–प्रतिदिन के कार्यों के त्वरित निष्पादन हेतु परीक्षा समिति की एक उपसमिति गठित किये जाने पर विचार।

परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के परीक्षा कार्यक्रम, परीक्षा संचालन एवं परीक्षाफल घोषित किये जाने सम्बन्धी दिन–प्रतिदिन के कार्यों के त्वरित निष्पादन हेतु निम्नांकित उपसमिति गठित की गयी।

1.	डॉ0 अशोक कुमार उपाध्याय, अधिष्ठाता, कला संकाय	समन्वयक
2.	डॉ0 राम प्रकाश कुशवाहा, प्राचार्य,	सदस्य
3.	डॉ0 राम शरण पाण्डेय,	सदस्य
4.	श्री महेश कुमार, उप कुलसचिव	सदस्य–सचिव

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए परीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी।

(संजय कुमार)
कुलसचिव

(प्रो0 योगेन्द्र सिंह)
कुलपति